भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 3342

गुरूवार, 31 मार्च, 2022/10 चैत्र, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**तमिलनाडु राज्य के प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल**

**3342. डा. कनिमोझी एनवीएन सोमूः**

**श्री के.आर.एन. राजेश कुमारः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तमिलनाडु राज्य के प्रतिष्ठित स्थलों को देश के प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) क्या राष्ट्रीय स्तर पर तमिलनाडु के समृद्ध पर्यटन स्थलों के लिए कोई अन्य नई प्रस्तावित योजना है; और

(ग) यदि हां, तो चयनित स्थलों को कौन-सी सहायता प्रदान की गई है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु में महाबलीपुरम सहित प्रतिष्ठित स्थलों के विकास हेतु 'प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का विकास' योजना तैयार की है, जोकि सरकार के विचाराधीन है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी मौजूदा स्वदेश दर्शन और तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए तमिलनाडु राज्य में उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत निधियों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

तमिलनाडु राज्य के प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल के सम्बन्ध में दिनांक 31.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3342 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के तहत तमिलनाडु में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना/स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| **स्वदेश दर्शन** | | | |
| 1. | तटीय परिपथ 2016-17 | चेन्नई - ममल्लापुरम - रामेश्वरम-मनपदु - कन्याकुमारी का विकास | 73.13 |
| **प्रशाद** | | | |
| 1. | 2016-17 | कांचीपुरम का विकास | 13.99 |
| 2. | 2016-17 | वेल्लंकनी का विकास | 4.86 |

*******